दिन–मंगलवार दिनांक– 16/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेशवासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आज से अठारह जून तक सभी प्रखंडों में सहयोग–सह–जन कल्याण शिविरों का आयोजन।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पन्द्रह जुलाई से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की घोषणा की।

03. मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए पूर्व मध्य रेल आज और कल चौदह विशेष ट्रेनों का परिचालन करेगा।

04. और, मॉनसून की रफ्तार थमने से दक्षिण बिहार में गर्मी का असर फिर बढ़ा। इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के बारह वर्ष पूरे होने पर आज से प्रदेश के सभी प्रखंडों में प्रखंड सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। अठारह जून तक चलने वाले इन शिविरों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, पंजीकरण, सत्यापन, ई–केवाईसी तथा लाभ वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीवान में आयोजित शिविर में शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

शिविर में आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान और छात्रवृत्ति योजनाओं सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर में पच्चीस विभागों के अलग–अलग काउंटर बनाए जाएंगे जिस पर संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। शिविरों में हेल्प डेस्क, प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की सहायता और स्वास्थ्य जांच शिविर की भी व्यवस्था रहेगी, जिससे लोगों को आवश्यक मार्गदर्शन और सेवाएं आसानी से मिल सकें। लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर शिविर में पहुंचें, ताकि योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के प्राप्त किया जा सके। समाचार कक्ष से सविता पारीक।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की घोषणा की है। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि आगामी पन्द्रह जुलाई से प्रदेशवासी हवाई सेवा के माध्यम से ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कर सकेंगे।

---साउंड बाईट---

---

पूर्व मध्य रेल सत्रह जून को होने वाली मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर पाटलिपुत्र और पटना जंक्शन सहित विभिन्न स्टेशनों से चौदह विशेष ट्रेनों का परिचालन करेगा। एडीजी रेल डॉक्टर कमल किशोर सिंह ने बताया कि परीक्षा में लगभग साढ़े पांच लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है, जिसे देखते हुये आज और कल विभिन्न रूटों पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। पाटलिपुत्र जंक्शन और पटना जंक्शन से अररिया, नवगछिया, भभुआ रोड, गया, बक्सर, राजगीर और झाझा सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी। इस बीच, पाटलिपुत्र जंक्शन पर तोड़फोड़ और पथराव मामले में रेल पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सभी बिहार मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी हैं। रेल पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है।

---

मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों तक चिट पहुंचाने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में नवादा से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें जैमर ऑपरेटर और बायोमेट्रिक एजेंसी से जुड़े कर्मी शामिल हैं। मामले में कुल पन्द्रह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गौरतलब है कि इसी भर्ती परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को भागलपुर से भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

---

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने इस वर्ष की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं। आयोग ने बताया है कि एक हजार से अधिक रिक्तियों के लिए तेरह हजार से अधिक उम्मीदवारों का सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के लिए चयन किया गया है। यूपीएससी ने उम्मीदवारों को यह भी बताया है कि उनके अंक, कट ऑफ अंक और उत्तर सूची अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। उम्मीदवार यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in से प्रारंभिक परीक्षा परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं।

---

प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत बिहार ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य में जन धन खातों में जमा राशि तीस हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, बिहार छह करोड़ सत्तासी लाख जन धन खाते के साथ

देशभर में दूसरे स्थान पर है। इस मामले में उत्तर प्रदेश देशभर में शीर्ष पर है। इधर, बैंकिंग सेवाओं की भागीदारी में भी बिहार देश का दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बनकर उभरा है। राष्ट्रीय स्तर पर जन धन खातों की संख्या अंठावन करोड़ से अधिक और कुल जमा राशि तीन लाख नौ हजार करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच चुकी है।

————————————————————————

प्रदेश के छह सौ उनतीस पीएमश्री और राजकीय विद्यालयों में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मिनी मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना में आयोजित समीक्षा बैठक में बताया कि इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से कक्षा सात से ग्यारहवीं तक के छात्र–छात्राएं मिट्टी परीक्षण, नमूना संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य संबंधी व्यावहारिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य के एक सौ साठ विद्यालयों में ऐसी प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून का प्रसार थम गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों से मॉनसून की उत्तरी सीमा मुजफ्फरपुर से आगे नहीं बढ़ सकी है। मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्से को छोड़कर शेष हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———साउंड बाइट———

————————————————————————

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पथ निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि पटना–पूर्णिया एक्सप्रेसवे के एलाइनमेंट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया मूल रूप से स्वीकृत एलाइनमेंट के अनुसार ही चल रही है। श्री पाल ने कहा कि परियोजना का कार्य सभी नियमों और मानकों के तहत समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा।

————————————————————————

प्रदेश की लगभग एक लाख आशा कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच और रोगों की पहचान का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी आशा

कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के साथ 'आशा सर्टिफिकेट' प्रदान करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान–एनआईओएस के माध्यम से प्रमाणपत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद लिखित और प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी।

———————————————————————

राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में बिहार और मध्य प्रदेश एटीएस ने संयुक्त कार्रवाई में मधुबनी से एक मदरसा शिक्षक को गिरफ्तार किया है। एटीएस के अनुसार, आरोपित इजहारुल हक पर पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में रहकर गोपनीय सूचनाएं साझा करने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद उसके ठिकानों पर तलाशी ली गई, जहां से दो मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। मामले की जांच जारी है।

———————————————————————

मद्य निषेध और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने एक सौ सत्ताईस शराब माफिया की संपत्ति जब्त करने के लिए न्यायालय को प्रस्ताव भेजा है। ब्यूरो के डीआईजी अजय कुमार पांडेय ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

———साउंड बाईट———

श्री पांडेय ने बताया कि वर्ष दो हजार छब्बीस में राज्य पुलिस ने प्रतिमाह औसतन तीन लाख पचास हजार लीटर से अधिक शराब बरामद की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में ग्यारह प्रतिशत अधिक है। वहीं, मद्य निषेध ब्यूरो की बरामदगी में चौबीस प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मई तक मद्य निषेध अधिनियम के तहत संतावन हजार से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें लगभग बीस हजार कारोबारी शामिल हैं।

———————————————————————

पटना की सीबीआई की विशेष अदालत ने चर्चित अलकतरा घोटाले के एक मामले में ट्रांसपोर्टर डी.एन. सिंह को दोषी करार दिया है। अदालत ने उन्हें धोखाधड़ी और संपत्ति के दुरुपयोग से संबंधित धाराओं में दोषी पाते हुए सत्रह लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं, साक्ष्य के अभाव में पथ निर्माण विभाग के तीन पूर्व कनीय अभियंताओं को बरी कर दिया गया।

———————————————————————

भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने कहा है कि जिले के जिन प्रखंडों में बीस सूत्री कार्यालय नहीं हैं, वहां जल्द ही कार्यालय उपलब्ध करा दिये जायेंगे। जिले के प्रभारी मंत्री सह बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष

नीतीश मिश्रा की उपस्थित में आयोजित बैठक में श्री चौधरी ने कहा कि अगले पन्द्रह दिनों के भीतर सभी प्रखंडों में इस संबंध में बैठक आयोजित की जायेगी।

————————————————————————————

किशनगंज जिले में पुलिस ने रामपुर चेक पोस्ट पर एक करोड़ चालीस लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ हेरोईन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से लगभग सात सौ ग्राम हेरोईन बरामद की गयी है।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अमेरिका और ईरान समझौते के लिए सहमत। स्विट्जरलैंड में उन्नीस को किये जायेंगे हस्ताक्षर।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बिहार बिल्डिंग बायलॉज–दो हजार छब्बीस का मसौदा तैयार। शहरों में अब बन सकेंगी ऊंची और अधिक क्षमता वाली इमारतें।

दैनिक भास्कर लिखता है– दीपक प्रकाश मामले में सुप्रीम कोर्ट का सरकार और आयोग को नोटिस।

प्रभात खबर ने लिखा है– पूरे दक्षिण बिहार में बीस तक गर्मी से राहत नहीं।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– पटना, आरा में भीषण गर्मी के बीच स्कूलों का समय बदला।

आज अखबार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– सारे कोचिंग सेंटर हो जायेंगे बंद।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेशवासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आज से अठारह जून तक सभी प्रखंडों में सहयोग–सह–जन कल्याण शिविरों का आयोजन।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पन्द्रह जुलाई से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की घोषणा की।

03. मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए पूर्व मध्य रेल आज और कल चौदह विशेष ट्रेनों का परिचालन करेगा।

04. और, मॉनसून की रफ्तार थमने से दक्षिण बिहार में गर्मी का असर फिर बढ़ा। इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।